<u>सूचना</u>

<u>अंग्रेजी विभाग</u>

दिनांक 26/11/26

महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय आयुक्त, म.प्र. शासन, उ.शि.विभाग, भोपाल से प्राप्त संलग्न पत्रानुसार निर्देशानुसार मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2027 को "युवा वर्ष" के रूप में मनाए जाने तथा युवाओं के समग्र विकास को प्राथमिकता दिए जाने के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा "युवाओं में समग्र कल्याण की संस्कृति का संवर्धन" के सम्मेलन का आयोजन उज्जैन में **दिनांक 15 से 17 जनवरी 2027 के मध्य उज्जैन** में आयोजित है। इस संबंध में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के मुख्य विषय "One Earth, One Health, One Consciousness: Global Well-Being" इसके सात उप विषयों 1**) Physical Well-Being 2) Emotional Well-Being 3) Mental Well-Being 4) Spiritual Well-Being 5) Professional Well-Being 6) Social Well-Being एवं 7) Global Well-Being** में से किसी एक पर आधारित होगी।

उपर्युक्त सात उप विषयों में से किसी एक विषय पर आयोजित की जा रही है। निम्नानुसार गतिविधियाँ एवं प्रमुख उद्देश्य हैं-

क्र.	गतिविधि	प्रमुख उद्देश्य
1	भाषण प्रतियोगिता (Speech)	युवाओं की दृष्टि, विचार एवं समाधान को प्रभावी स्वर प्रदान करना।
2	शोध-पत्र प्रस्तुति (Paper Presentation)	Well-Being पर शोध, विश्लेषण एवं समाधानपरक चिंतन विकसित करना।
3	चित्रकला प्रतियोगिता (Drawing/Painting)	कला एवं सृजनात्मकता के माध्यम से Well-Being की अभिव्यक्ति

उक्त तीनों विषयों की **<u>प्रतियोगिताओं का आयोजन सोमवार दिनांक 30 नवम्बर 2026 को प्रातः 11 बजे देवी अहिल्या दीक्षारम्भ सभागृह आर.एन.टी. मार्ग, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,</u>** इन्दौर में रखा गया है।

इच्छुक विद्यार्थी अपने नाम **अंग्रेजी विभाग में दिनांक 28/11/26 अपरान्ह 03:00 बजे** तक देना सुनिश्चित करें|

डॉ.तौशीह अब्बासी
विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग

डॉ.मेजर अनामिका जैन
प्राचार्य